www.sgbauonline.com

AU–3502

# M.A. Part—I (Translation Hindi) (Old) Examination
# HINDI BHASHA TATHA SAHITYA KA SWAROOP EWAM VIKAS KHAND
## Paper—III

समय — तीन घंटे] [पूर्णाङ्क — 100

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं तीन की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए :— 30

(1) सखा ? सुनो मेरी इक बात।
वह लतागन संग गोरिन सुधि करत पछितात।।
कहाँ वह वृषभानुतनया परम सुंदर गात।
सुरती आए रासरस की अधिक जिय अकुलात।
सदा हित यह रहत नाहीं सकल मिथ्या-जात।
सुर प्रभु यह सुनौ मोसों एक ही सौं नात।।

(2) मन क्रम बचन सोजतन विचारेहु।
रामचंद्र कर काजु सँवारेहु।।
भानु पीठि सेइअ उर आगी।
स्वामिहि सर्व भाव छल त्यागी।।
तजि माया सेइअ परलोका।
मिटहिं सकल भवसंभव सोका।।
देह धरे कर फलु भाई।
भजिअ राम सब काम बिहाई।।

(3) तो हमें स्वीकार है वह भी : उसी में रेत हो कर।
फिर छनेंगे हम। जमेंगे हम। कही फिर पैर टेकेंगे।
कहीं फिर भी खड़ा होगा, नये व्यक्तित्व का आकार।
मात: उसे फिर संस्कार तुम देना।



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(4) आली, वही बात हुई, भय जिसका था मुझे,

मानती हूँ उनको गहन-वन-गामी मैं,

ध्यान-मग्न देख उन्हें एक दिन मैंने कहा —

'क्यों जी, प्राणवल्लभ कहूँ या तुम्हें स्वामी मैं।

(5) मन मस्त हुआ तब क्यों बोले।

हीरा पायो गाँठ गठियायो, बार-बार वाको क्यों खोले

हलकी थी जब चढ़ी तराजू, पूरी भई तब क्यों तोले।

सुरत-कलारी भई मतवारी, मदवा पी गई बिन तोले।

हंसा पाये मानसरोवर, ताल तलैया क्यों डोले।

तेरा साहब है घर माँही, बाहर नैना क्यों खोले।

कहै कबीर सुनो भाई साधो, साहब मिलि गये तिल ओले।

(6) अब जागो जीवन के प्रभात!

रजनी की लाज समेटो तो,

कलरव से उठकर भेंटो तो,

अरुणाचल में चल रही बात !

अब जागो जीवन के प्रभात !

2. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 30

(1) हिंदी साहित्य के इतिहास के काल-विभाजन एवं नामकरण की समस्या को विशद कीजिए।

(2) वात्सल्य वर्णन की दृष्टि से सूरदास के काव्य का मूल्यांकन कीजिए।

(3) आदिकाल (वीरगाथाकाल) की प्रमुख प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए।

(4) प्रगतिवाद का संक्षिप्त परिचय देते हुए उसकी विशेषताओं को निरूपित कीजिये।

(5) लोकनायक गोस्वामी तुलसीदास की समन्वय की विराट चेतना को विवेचित कीजिए।

(6) 'आधुनिक मीरा' महादेवी वर्मा की काव्यगत विशेषताओं को रेखांकित कीजिये।

(7) 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह ही छायावाद है' डॉ. नगेन्द्र की इस उक्ति की समीक्षा कीजिए।



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

3. किन्हीं पाँच लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए :— 20

(1) नाथ साहित्य की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(2) रामभक्ति साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए।

(3) आधुनिककाल के भारतेंदुकालीन साहित्य की प्रवृत्तियाँ स्पष्ट कीजिए।

(4) 'छायावाद जीवन के प्रति एक भावनात्मक दृष्टिकोण है'' महादेवी वर्मा के इस कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

(5) हिंदी व्यंग्य निबंध की विशेषताएं लिखिए।

(6) नई कविता की प्रमुख विशेषताओं को समझाइये।

(7) विषय विविधता के धरातल पर नाटक के प्रकारों को विवेचित कीजिए.

(8) हालावादी काव्यधारा की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(9) निर्गुण तथा सुगुण भक्ति काव्य के अंतर को विशद कीजिए।

(10) हिंदी कहानी के आधुनिक स्वरूप को रेखांकित कीजिए।

4. निम्नांकित वस्तुनिष्ठ/अतिलघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार हल कीजिए :

(अ) एक वाक्य में उत्तर लिखिए :— 10

(1) चौरासी सिद्धों में पहले सिद्ध कौन थे ?

(2) अपभ्रंश भाषा का प्राचीनतम प्रयोग किस साहित्य में हुआ है ?

(3) हिंदी का पहला सप्ताहिक पत्र किसे माना जाता है ?

(4) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' किस विचारधारा के कवि हैं ?

(5) प्रेमचंद के किस उपन्यास को ग्रामीण जीवन एवं कृषि संस्कृति का महाकाव्य कहा गया है ?

(6) अवधी भाषा का प्रथम महाकाव्य कौन-सा है ?

(7) गोस्वामी तुलसीदास की भक्ति किस प्रकार की है ?

(8) ऋग्वेद में किस भाषा का प्रयोग हुआ है ?

(9) हिंदी की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से मानी जाती है ?

(10) भक्ति-भावना का मूल स्रोत भारत के किस भाग में माना गया है ?

(आ) उचित पर्याय चुनकर लिखिए :

(1) कबीर की भक्ति पद्धति है : 10

(अ) सगुण (ब) निर्गुण

(क) सगुण-निर्गुण (ड) समन्वयवादी



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(2) ब्रज भाषा का विकास किससे हुआ ?

(अ) शौरसेनी (ब) मगही

(क) पाली (ड) प्राकृत

(3) उर्दू की जननी कौन-सी भाषा है ?

(अ) पहाड़ी हिंदी (ब) बिहारी

(क) दक्खिनी हिंदी (ड) पश्चिमी हिंदी

(4) आदिकाल को 'वीरकाल' की संज्ञा देनेवाले आलोचक हैं :

(अ) डॉ. रामकुमार वर्मा (ब) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी

(क) डॉ. रसाल (ड) विश्वनाथप्रसाद मिश्र

(5) 'नहुष' नाटक के नाटककार कौन हैं ?

(अ) भारतेंदु (ब) गोपालचंद्र गिरिधरदास

(क) मधुसूदनदत्त (ड) श्रीधर पाठक

(6) 'द्विवेदी युग' का नामकरण किस साहित्यकार के नाम पर हुआ है ?

(अ) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी (ब) प्रभाकर द्विवेदी

(क) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ड) डॉ. रामकुमार वर्मा

(7) 'काव्यनिर्णय' के रचयिता हैं :

(अ) कुलपति मिश्र (ब) आलम

(क) भिखारीदास (ड) मतिराम

(8) 'रामायण' किस भाषा में रचित है ?

(अ) अवधी (ब) संस्कृत

(क) हिंदी (ड) वैदिक

(9) कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा है ?

(अ) मैथिलीशरण गुप्त (ब) प्रेमचंद

(क) तुलसीदास (ड) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी

(10) हिंदी साहित्य के इतिहास का कालविभाजन सर्वप्रथम किसने किया है ?

(अ) सरहप्पा (ब) कण्हप्पा

(क) जार्ज ग्रियर्सन (ड) आचार्य रामचंद्र शुक्ल



www.sgbauonline.com